<u>महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता</u>

<u>संख्या-16/2024/430/तीस-3-2024</u>

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त/अध्यक्ष, मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति,, उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 19 फरवरी, 2024

विषय प्रदेश के जनपदों में वर्ष 2023 के सापेक्ष वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी लाये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किये जाने के संबध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1449/तीस-3-2023 दिनांक 25.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में वर्ष 2022 में हुई सड़क दुर्घटनाओं व मृत व्यक्तियों के सापेक्ष वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत की कमी करते हुए लक्ष्य का निर्धारण किया गया था।

2- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या तथा दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या की समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि वर्ष 2023 में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.7 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 4.7 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि चिंताजनक है तथा इससे स्पष्ट है कि 50 प्रतिशत की कमी के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किये जा रहे प्रयासों के साथ ही अतिरिक्त विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।

3- राज्य सरकार के लिये सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का विषय सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा सतत रूप से मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में गठित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा की जाती है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा भी नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी तथा मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष मण्डलायुक्त होते है। जिला सड़क सुरक्षा समिति जनपद स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु व्यापक रणनीति बनाकर प्रभावी कार्यवाही कराये जाने हतु उत्तरदायी है। जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति करती है तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान करती है।

4- शासनादेश संख्या-98/2023/2005/तीस-3-2023, दिनांक 26 जुलाई, 2023 द्वारा "जिला सड़क सुरक्षा समिति" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैठक के एजेण्डा बिन्दु एवं कार्यवृत्त में एकरूपता लाये के प्रयोजनार्थ मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) दिनांक निर्गत की गयी है। इस वर्ष से एस0ओ0पी0 के आधार पर प्रत्येक "जिला सड़क सुरक्षा समिति" की बैठकों का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटनाओं तथा दुर्घटना में मृतकों व घायलों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये जनपद एवं मण्डल स्तर पर सड़क सुरक्षा से सीधे जुड़े हुए सभी विभागों द्वारा शासन स्तर पर जारी एस0ओ0पी0 के अनुसार जनपद स्तर पर बनाये गये एक्शन प्लान के आधार पर किये जा रहे प्रयासों के नियमित गहन अनुश्रवण तथा मार्गदर्शन दिये जाने की आवश्यकता है।

5- मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की नवीनतम दिशा-निर्देश के क्रम में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रति माह एक बार अवश्य आहूत की जानी है। मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 02.12.2023 को सम्पन्न राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा से संबधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा से संबधित उपायों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'ाजचरूख्थैंदंकमोंण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

इसके अतिरिक्त एस0डी0जी0 विजन, 2030 एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं तथा दुर्घटना में मृतकों व घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

6- उपर्युक्त 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लक्ष्य को जनपद स्तर पर जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए नई एस0ओ0पी0 के आधार पर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कराकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने तथा उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घटना जॉच योजना,2023 के अंतर्गत तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की समिति द्वारा विस्तृत जॉच कराकर जॉच में पाये गये बिन्दुओं पर समयबद्ध सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने की आवश्यकता है।

7- अतः उक्त के परिपेक्ष्य में वर्ष 2023 के सापेक्ष वर्ष 2024 में प्रत्येक जनपद हेतु सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने का लक्ष्य संलग्न तालिकानुसार निर्धारित करते हुए, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रत्येक जनपद द्वारा वर्तमान वर्ष में हर सम्भव प्रयास जैसे बेहतर रोड इंजीनियरिंग, दुर्घटना पर रैपिंड रिस्पांस, गोल्डेन ऑवर में बेहतर ट्रामा केयर सुविधा, प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही तथा व्यापक जन-जागरूकता से संबधित आवश्यक कार्यवाही कराते हुए वर्ष 2024 हेतु निर्धारित लक्ष्य का अर्जन किया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 लखनऊ।
2- सड़क सुरक्षा समिति के समस्त सदस्यगण (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
4- समस्त अपर परिवहन आयुक्त/उप परिवहन आयुक्त/संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन)/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन), उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

एल0 वेंकटेश्वर लू
प्रमुख सचिव।

http://upsanadesh.up.gov.in

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थैंदंकमोप्नचप्हवअप्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सं0–16/2024/430/तीस–3–2024, दिनांक 19 फरवरी, 2024 का संलग्नक

प्रदेश के जनपदों में वर्ष 2023 के सापेक्ष वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटना में मृतकों व घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने हेतु जनपदवार लक्ष्य निर्धारण

परिक्षेत्र	जनपद	वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में मृतकों की संख्या	मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में घायलों की संख्या	घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य
कमिश्नरेट	लखनऊ	1460	730	568	284	983	492
	गौतमबुद्धनगर	1176	588	470	235	858	429
	कानपुर नगर	1342	671	638	319	985	493
	वाराणसी	558	279	327	164	344	172
	प्रयागराज	1297	649	582	291	865	433
	आगरा	1007	504	499	250	657	329
	गाजियाबाद	991	496	365	183	703	352
	योग	**7831**	**3916**	**3449**	**1725**	**5395**	**2698**
लखनऊ	खीरी	446	223	265	133	206	103
	हरदोई	1003	502	571	286	464	232
	रायबरेली	566	283	333	167	325	163
	उन्नाव	873	437	483	242	724	362
	सीतापुर	875	438	507	254	635	318
	योग	**3763**	**1882**	**2159**	**1080**	**2354**	**1177**
अयोध्या	अयोध्या	567	284	323	162	345	173
	बाराबंकी	864	432	460	230	549	275
	सुल्तानपुर	508	254	276	138	261	131
	अम्बेडकरनगर	275	138	159	80	125	63
	अमेठी	325	163	214	107	123	62

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थैंदंकमोण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

परिक्षेत्र	जनपद	वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में मृतकों की संख्या	मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में घायलों की संख्या	घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य
	योग	**2539**	**1270**	**1432**	**716**	**1403**	**702**
गोरखपुर	गोरखपुर	1284	642	494	247	896	448
	देवरिया	590	295	231	116	393	197
	कुशीनगर	789	395	435	218	463	232
	महाराजगंज	593	297	314	157	384	192
	योग	**3256**	**1628**	**1474**	**737**	**2136**	**1068**
बस्ती	बस्ती	457	229	316	158	318	159
	संतकबीरनगर	323	162	189	95	193	97
	सिद्धार्थनगर	293	147	178	89	151	76
	योग	**1073**	**537**	**683**	**342**	**662**	**331**
देवीपाटन	गोण्डा	507	254	295	148	285	143
	बलरामपुर	216	108	141	71	179	90
	बहराइच	622	311	354	177	314	157
	श्रावस्ती	113	57	76	38	72	36
	योग	**1458**	**729**	**866**	**433**	**850**	**425**
वाराणसी	चन्दौली	206	103	147	74	96	48
	गाजीपुर	361	181	231	116	215	108
	जौनपुर	586	293	339	170	298	149
	योग	**1153**	**577**	**717**	**359**	**609**	**305**
आजमगढ़	आजमगढ़	753	377	387	194	543	272
	मऊ	280	140	149	75	222	111
	बलिया	383	192	268	134	261	131
	योग	**1416**	**708**	**804**	**402**	**1026**	**513**
विन्ध्याचल	मीरजापुर	455	228	311	156	263	132
	सोनभद्र	441	221	318	159	267	134

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थेंदंकमोंण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

परिक्षेत्र	जनपद	वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में मृतकों की संख्या	मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में घायलों की संख्या	घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य
	भदोही	193	97	114	57	109	55
	योग	**1089**	**545**	**743**	**372**	**639**	**320**
प्रयागराज	प्रतापगढ़	583	292	368	184	361	181
	कौशाम्बी	424	212	210	105	270	135
	फतेहपुर	668	334	449	225	333	167
	योग	**1675**	**838**	**1027**	**514**	**964**	**482**
चित्रकूट	बांदा	522	261	265	133	401	201
	हमीरपुर	328	164	177	89	247	124
	महोबा	195	98	106	53	203	102
	चित्रकूट	276	138	165	83	221	111
	योग	**1321**	**661**	**713**	**357**	**1072**	**536**
कानपुर	कानपुर देहात	636	318	341	171	513	257
	इटावा	566	283	284	142	463	232
	औरैया	508	254	236	118	405	203
	फतेहगढ़	401	201	194	97	269	135
	कन्नौज	532	266	255	128	472	236
	योग	**2643**	**1322**	**1310**	**655**	**2122**	**1061**
झांसी	झांसी	617	309	274	137	344	172
	जालौन	417	209	214	107	299	150
	ललितपुर	274	137	131	66	167	84
	योग	**1308**	**654**	**619**	**310**	**810**	**405**
आगरा	मैनपुरी	602	301	341	171	417	209
	मथुरा	1076	538	553	277	1015	508
	फिरोजाबाद	788	394	383	192	648	324
	योग	**2466**	**1233**	**1277**	**639**	**2080**	**1040**

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थैंदंकमोण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

परिक्षेत्र	जनपद	वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में मृतकों की संख्या	मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में घायलों की संख्या	घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य
अलीगढ़	अलीगढ़	992	496	489	245	843	422
	हाथरस	403	202	250	125	378	189
	एटा	585	293	277	139	425	213
	कासगंज	353	177	198	99	223	112
	योग	**2333**	**1167**	**1214**	**607**	**1869**	**935**
बरेली	बरेली	1290	645	538	269	1091	546
	बदायूं	566	283	352	176	442	221
	शाहजहापुर	841	421	430	215	557	279
	पीलीभीत	426	213	216	108	247	124
	योग	**3123**	**1562**	**1536**	**768**	**2337**	**1169**
मुरादाबाद	मुरादाबाद	464	232	311	156	373	187
	बिजनौर	569	285	347	174	503	252
	रामपुर	382	191	263	132	245	123
	अमरोहा	427	214	246	123	261	131
	सम्भल	392	196	274	137	294	147
	योग	**2234**	**1117**	**1441**	**721**	**1676**	**838**
मेरठ	मेरठ	939	470	395	198	848	424
	बुलन्दशहर	987	494	607	304	728	364
	बागपत	324	162	185	93	246	123
	हापुड़	347	174	207	104	295	148
	योग	**2597**	**1299**	**1394**	**697**	**2117**	**1059**
सहारनपुर	सहारनपुर	483	242	321	161	331	166
	मुजफ्फरनगर	561	281	345	173	500	250
	शामली	212	106	128	64	146	73

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थेंदंकमोंण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।

परिक्षेत्र	जनपद	वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या	सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में मृतकों की संख्या	मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य	वर्ष 2023 में घायलों की संख्या	घायलों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के लिये वर्ष 2024 हेतु लक्ष्य
	योग	**1256**	**628**	**794**	**397**	**977**	**489**
सम्पूर्ण योग		**44534**	**22267**	**23652**	**11826**	**31098**	**15549**

http://shasanadesh.up.gov.

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट 'जजचरूथ्थेंदंकमोण्नचण्हवअण्पद से सत्यापित की जा सकती है ।